हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 19 अक्टूबर 2025

04 नगरीय विकास के लिए तैयार की जा रही है ठोस...



07 धनतेरस होने के कारण बाजार में दोपहर बाद...





## खबर संक्षेप

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**नर्मदापुरम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखननगर में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के निर्देश पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ जिसमें गर्भवती महिलाओं की मानसिक स्वास्थ्य जांच,मातृ वार्ड में धात्री महिलाओं से स्वास्थ्य चर्चा, 58 लोगों की स्क्रीनिंग, आत्महत्या रोकथाम हेतु एएनएम को गेटकीपर बनाया गया, 8 रोगियों को दवा एवं परामर्श दी गई, मनहित एप की जानकारी एवं उपयोगिता क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नाजिया सिद्दीकी द्वारा बताया गया, इस अवसर पर बीएमओ डॉ. कल्याणी यादव,डॉ अंकित गौर मनकक्ष नोडल अधिकारी आयुष एमओ डॉ.नरेंद्र यादव, भीम सिंह बीईई, निधि पटवा, एम एस राजन,संजय कहार सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन पूरी तरह सतर्क

**नर्मदापुरम।** दीपावली पर्व के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार समस्त अनुविभागों में कार्यपालिक दंडाधिकारियों द्वारा पूरी सतर्कता के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर में भजनों की धुन पर थिरक उठे बच्चे

# सभी शासकीय व कुछ निजी स्कूलों में मनाई गई 'शेयरिंग दिवाली'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शुक्रवार को सोहागपुर ब्लॉक के शासकीय व कुछ निजी स्कूलों में 'दिवाली, शेयरिंग वाली' अभियान चलाया गया।

शुक्रवार को सोहागपुर ब्लॉक के शासकीय व कुछ निजी स्कूलों में 'दिवाली, शेयरिंग वाली' अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ स्कूल प्रबंधनों ने दिवाली मनाई है। सोहागपुर बीआरसी राकेश रघुवंशी ने बताया कि शासकीय स्कूलों में प्रबंधनों ने बच्चों में मिष्ठान वितरित किये। तथा बच्चों को दीप पर्व के महत्व, देश की संस्कृति से जुड़ाव बावत जानकारी दी गई। मिडिल स्कूल गुरमखेड़ी में दीपोत्सव मनाया गया। जिसमें प्रधान पाठक हरीश कोरी, गरिमा सोनी, सुंदरलाल नागवंशी, रश्मि दुबे एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। शासकीय स्कूल गुंदरई में भी दीपपर्व मनाया गया। बीआरसी राकेश रघुवंशी, संकुल प्राचार्या सुनीता गढ़वाल, राजेश दीक्षित, अशोक गज्जाम तथा शाला प्रभारी भरत साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।



**स्कूल प्रबंधन ने रसाईयों को बांटे उपहार स्वरूप वस्त्र**



कार्यक्रम में शाला के चार रसोईयों को स्कूल प्रबंधन की ओर से उपहार स्वरूप साड़ियां दी गई। बच्चों में मिठाई वितरित की गई। साथ ही सभी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं भी दी गई।

### राम आएंगे, तो अंगना सजाऊंगी भजन पर थिरके बच्चे

सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को दीपावली मनाई गई। प्राचार्य अशोक दुबे ने बताया कि श्रीराम के अनुज लक्ष्मण, देवी जानकी व हनुमान जी सहित अवध पहुंचने के प्रसंग का जीवंत प्रस्तुतिकरण किया गया। भैया बहनों के बीच राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान स्वरूप पधारे। इस दौरान ≈राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी≈ भजन बजाया गया तो बच्चे झूम उठे। प्रबंधन ने बच्चों को दीपावली की बधाई दी, दीप प्रज्जवलित कर पटाखे जलाए व मिठाई बांटी गई। विद्यालय समिति के संरक्षक कन्नूलाल अग्रवाल ने संबोधन में कहा कि दिवाली आनंद का पर्व है, जो भारत सहित अन्य देश में भी मनाया जाता है। इस दौरान समिति संरक्षक कन्नूलाल अग्रवाल, अध्यक्ष कृष्णा पालीवाल, उपाध्यक्ष राजाभैया पटेल, सचिव देवराज पटेल, व्यवस्थापक संजीव दुबे, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, सदस्य सौरभ सोनी तथा आचार्य दीदी उपस्थित थे।

## समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

### मुख्यमंत्री से संगठन ने की 11 सूत्रीय मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारतीय किसान यूनियन ने मप्र के मुख्यमंत्री के नाम शनिवार को एक आवेदन सोहागपुर नायब तहसीलदार को सौंपा है। आवेदन के माध्यम से किसानों की विविध समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। संगठन युवा इकाई जिला अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सौंप गए ज्ञापन में उल्लेख है कि मध्य प्रदेश के किसान लगातार संकटों से गुजर रहे हैं। अतिवृष्टि, खाद संकट, बिजली कटौती, भूमि अधिग्रहण में मनमानी, गन्ना विक्रय उपरांत भुगतान में देरी के मामले चर्चा में हैं। वहीं पराली जलाने पर मुकदमे दर्ज किए जाने से किसानों की स्थिति बहुत खराब है। ज्ञापन के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से समस्या निराकरण की मांग की गई है। इस दौरान जिलाध्यक्ष कृष्णकांत ठाकुर सहित प्रद्युम्न ठाकुर, मनीष, रामकृष्ण, सागर, अनिकेत तथा अन्य किसान उपस्थित थे।

संगठन ने 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन अनुसार भावांतर योजना किसानों की अपेक्षा कंपनियों के हित में है, अतः इसे समाप्त किया जाए, धान का समर्थन मूल्य 3300 प्रति क्विंटल घोषित किया जाए, अति बारिश से हुई फसल नुकसान का सर्वेकर किसानों को मुआवजा दिया जाए, पटवारी हल्के को इकाई मानकर मुआवजा तय किया जाए, खाद तथा बीज की कमी को दूर करते हुए पर्याप्त भंडारण किया जाए, किसानों को नकली खाद-बीज बेचने वालों पर कार्रवाई की जाए, भू-अधिग्रहण में किसानों की सहमति अनिवार्य की जाए, गन्ना भुगतान मामले में शकर मिल द्वारा भुगतान में होती देरी समाप्त की जाए आदि शामिल हैं।

## विधायक ने किया स्वदेशी दीपावली अभियान का आरंभ, स्कूल में बांटे पटाखे और मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत वनबारी में ब्राइट कैरियर हायर सेकंडरी स्कूल में बच्चों को हमेशा स्वदेशी अपनाओ की बात करने वाले विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने स्वदेशी दिपावली पर्व प्रारंभ किया गया। रिबिन काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान संचालक सुनील दुबे, मनीष दुबे, खूबचंद रघुवंशी सहित तमाम मंडल अध्यक्ष सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायकने अपने उद्बोधन में बच्चोंको प्रेरितकिया तथा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील करते हुए स्वदेशी फटाखे के साथ बच्चों संग दीपावली का शुभारंभ किया। सभी को बधाई शुभकामनाएं दी। मीठाई पटाखे का वितरण किया गया।

## एसडीएम ने एक क्विंटल अमानक मावा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला प्रशासन द्वारा लगातार अमानक खाद्य सामग्रियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बाहर से आने वाले मिलावटी मावे एवं मिष्ठान भंडार सेबी नियमित मिठाईयां तथा अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल एकत्रित कर उनका परीक्षण किया जा रहा है साथ ही जांच दल द्वारा वाहनों की जांच कर अन्य जिलों एवं क्षेत्र से आने वाले मिलावटी मावे की धर पकड़ भी की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम नर्मदापुरम नीता कोरी द्वारा भोपाल से नर्मदापुरम लाये गए 1 क्विंटल 20 किलो मावा फूड सेफ्टी ऑफिसर जितेंद्र राणा और नगर तहसीलदार सरिता मालवीय के साथ मिलकर जप्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमानक मावा, पाम आयल डालडा और अन्य सामग्री से मिलकर बनाया गया था जो की नर्मदापुरम शहर में खपाने के लिए यहां पर लाया गया था किंतु सूचना मिलने पर मावे को जप्त किया गया है। मावा किसके द्वारा नर्मदापुरम लाया गया था उसकी जांच की जा रही है। मामले में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## नहीं रुक रही खेतों से सामान की चोरी पुलिस चोरों तक पहुंचने में हो रही नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद





क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रही हैं और चोरी पकड़ी नहीं जाने के कारण चोरों के हौसले बुलंद है इस बार चोरों के निशाने पर किसान हैं ग्राम बोरी के किसान धर्मपाल जाट पिता देवी लाल जाट के खेत से 20 पाइप अज्ञात व्यक्ति उठाकर ले गए एवं सागौन के दो हरे पेड़ जिनकी ऊंचाई लगभग 15 फीट थी काट कर ले गए किसान धर्मपाल जाट ने अपने खेत में हुई चोरी का आवेदन माखन नगर थाने में दिया है। ज्ञात हो कि गत शुक्रवार को भी नजदीकी ग्राम गोल के कुछ किसानों द्वारा स्थानीय पुलिस चौकी सेमरी हरचंद में ट्यूबवेल की केबल चोरी होने का आवेदन दिया था अब देखना यह है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ते रहेगी अथवा पुलिस प्रशासन चोरों पर कार्रवाई कर क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने में सफल होगा।

## एसडीएम विजय राय ने किया नगर भ्रमण कर स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



नवागत एसडीएम विजय राय ने शनिवार को नगर का भ्रमण कर शहर की स्वच्छता व्यवस्था, पटाखा बाजार और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राय ने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, सड़क किनारे कचरा जमा न होने पाए और पटाखा बाजार में अग्निशमन एवं सुरक्षा उपायों की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर डॉक्टरों की उपस्थिति, औषधि वितरण व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति जानी। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। एसडीएम विजय राय ने कहा कि "दीपावली पर्व के अवसर पर आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है।

सभी विभाग समन्वय कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।" निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके, स्वच्छता निरीक्षक प्रशांत शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक शुभम साहू, हेमंत चौकसे सहित नगर पालिका का अमला उपस्थित रहा।

## टीआई ने बीच सड़क पर खड़े होकर संभाली यातायात व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के मुख्य बाजार में त्योहारी माहौल दौरान स्टेट हाईवे पर जाम लगना आम बात है। लेकिन बाजार बीट के पुलिसकर्मी यातायात सुधारने में प्रायः नाकाम रहते हैं। यही स्थिति शनिवार को धनतेरस के बाजार में बनी। जब स्टेट हाईवे पर यातायात अव्यवस्थित हो गया। तब शाम लगभग सात बजे सोहागपुर टीआई ऊषा मरावी को स्वयं बीच स्टेट हाईवे पर खड़े होकर यातायात सुधार के प्रयास करने पड़े। टीआई ऊषा मरावी दबंगता के साथ में बीच सड़क पर खड़ी हो गई तथा गलत दिशा में वाहन चलाते चालकों को उन्होंने फटकार लगाई।

## नपाध्यक्ष चौरे ने 'लोकल फॉर वोकल' को बढ़ावा देने दीपावली पर खरीदा स्वदेशी सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल और स्वदेशी दीपावली मनाने के आह्वान को सार्थक बनाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शनिवार को गांधी मैदान स्थित दीपावली बाजार में सपत्नीक पहुंचकर दीपावली पर्व के लिए स्वदेशी सामग्री खरीदी।

उन्होंने स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों से मिट्टी के दीये, दुबलिया, लक्ष्मी जी की प्रतिमा, गोबर से बने स्वास्तिक व ओम चिन्ह, बतासे, झाड़ू और अन्य पारंपरिक वस्तुएं खरीदीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि ≈दीपावली केवल रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि हमारे स्वदेशी कौशल और परंपराओं को सम्मान देने का अवसर भी है। जब हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो किसी कारीगर के घर में भी दीप जलता है। अध्यक्ष चौरे ने नागरिकों से अपील की कि वे इस बार विदेशी उत्पादों की बजाय अपने देश में बने स्वदेशी सामान को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के कारीगरों, दुकानदारों और छोटे



व्यापारियों से सामान खरीदना ही सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम है।

उन्होंने यह भी कहा कि इटारसी के नागरिक हर बार की तरह इस दीपावली पर भी एक मिसाल पेश करें ताकि हर घर में खुशियों की रौशनी के साथ 'स्वदेशी का दीप' भी जल सके।

## जिला मजिस्ट्रेट ने शिशुगृह में वितरित किए मिठाई व कपड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शनिवार को शिशु गृह नर्मदापुरम में सिटी मजिस्ट्रेट बजेन्द्र रावत तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया के द्वारा दीपावली के अवसर पर शिशु गृह नर्मदापुरम के बच्चों को उपहारस्वरूप कपड़े, फल, तथा मिठाई का वितरण किया गया।

इस अवसर पर बाल सरंक्षण अधिकारी आशुतोष पटेल के द्रारा शिशु गृह के बच्चों को दत्तक देने की प्रक्रिया की जानकारी दी। इस अवसर पर वन स्टाप सेंटर प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी, परामर्शदात्री भागवती विष्ट, शिशु गृह प्रबंधक अनिता तिलोटिया,सोशल वर्कर आरती भार्गव, स्वास्थ्य कार्यकर्ता किरण यादव मौजूद रही।

## स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में दीपोत्सव का आयोजन

# दीया सजाओ, लैंप सजाओ, तोरण बनाओ व बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी विधाओं में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली पर्व का भव्य आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। दीपावली का यह पावन पर्व हमें जीवन में सच्चाई, सद्भाव, स्वच्छता और सहयोग के मूल्य अपनाने की प्रेरणा देता है। यह पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर जाने का प्रतीक है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों में सदाचार, संस्कृति और एकता की भावना को जागृत करना है, ताकि वे अपने जीवन में प्रकाश और सकारात्मकता फैलाने वाले बनें। इसी उद्देश्य को साकार रूप देने के लिए विद्यालय ने दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आलोक मित्रा समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर नर्मदा महाविद्यालय, डॉ. नितिन कुमार बाघमारे प्रवक्ता, प्राणीशास्त्र विभाग, एनएमवी कॉलेज, दुर्गा भदौरिया भारत विकास परिषद की जिला महिला प्रमुख एवं समाजसेविका, बलेंद्र पटेल सरपंच, निमसाड़ियां, जूही चटर्जी डायरेक्टर, राजेन्द्र सिंह वकील एवं जिला सरपंच संघ अध्यक्ष, सरपंच निटाया एवं प्राचार्य मोना चटर्जी उपस्थित रहीं।

इस कार्यक्रम में बाल वाटिका के नन्हे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का हृदय जीत लिया। प्रस्तुतियों में रामायण नाट्य चौपाइयों सहित स्वागत गीत, दीपावली गीत, हिंदी एवं अंग्रेज़ी कविताएं, तथा सफाई और गणेश-लक्ष्मी पूजा जैसी परंपराओं का महत्व आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य मोना चटर्जी के द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम में 11 अक्टूबर को विद्यालय में इंटर-क्लास प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दीया सजाओ, लैंप सजाओ, तोरण बनाओ और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियों के पुरस्कार वितरित किए और विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम की इंचार्ज शिक्षिकाएँ किरण झारिया, कंचन रायचंदानी, कीर्ति मालवीय एवं माया भारती रहीं। कार्यक्रम का संचालन महिन्दर कौर और शकीर्ति मालवीय ने किया, आभार प्रदर्शन शालिनी भदौरिया ने दिया।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की कार्यकारिणी गठित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर के खेड़ापति मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बजरंग दल प्रांत सुरक्षा प्रमुख श्रीकांत पटेल, जिला मंत्री महेंद्र साहू, जिला सहसंयोजक रुपेश रघुवंशी की उपस्थिति में प्रखंड सेमरी हरचंद की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष सौरभ मडवार प्रखंड मंत्री अनुज मालवीय प्रखंड संयोजक राजा पटेल प्रखंड उपाध्यक्ष देव मीना, अंकित उईके एवं अन्य पदाधिकारियो को दायित्व प्रदान किए गए।

इस अवसर पर बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने चिचोली तहसील से खाद्य पदार्थों के लिए सैंपल



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर दीपावली पर्व में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिलेभर में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं नमूने लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन एवं एसडीएम अभिजीत सिंह के नेतृत्व में गठित जांच दल द्वारा चिचोली तहसील में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान संजय स्वीट एंड रेस्टोरेंट से बेसन लड्डू, पेड़ा लूज, कपिल रेस्टोरेंट से बर्फी एवं नमकीन, जगदम्बा स्वीट से जलेबी, शिवम नाश्ता पॉइंट्स से जलेबी के कुल 06 नमूने लिए गए।

## रोडमैप से तय होगी शहर के विकास की दिशा

# नगरीय विकास के लिए तैयार की जा रही है ठोस कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के विकास की दिशा बदलने के लिए नगरपालिका रोडमैप तैयार कर रही है। इस रोडमैप के तहत शहरों में जल आपूर्ति, स्वच्छता, सड़क और प्रकाश व्यवस्था, नाली-सीवरेज, स्वास्थ्य सेवाएं, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और अन्य नागरिक सुविधाओं के सुधार और विस्तार की स्पष्ट रूपरेखा होगी।

दरअसल प्रदेश के नगरीय निकायों में विकास कार्यों की योजना और प्राथमिकता तय करने तीन वर्षीय रोडमैप तैयार किया जाएगा, जो आगामी वर्षों में शहर की तस्वीर बदलने में भूमिका निभाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा सभी नगरपालिकाओं और नगर परिषदों को निर्देश जारी किया गया है कि वे अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं और मौजूदा स्थिति का आंकलन करते हुए 2025-2028 तक की मूलभूत सुविधाओं की कार्ययोजना प्रस्तुत करें। संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि रोडमैप निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करना प्रत्येक निकाय की जिमेदारी होगी। इसके अनुपालन में देरी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।



### योजनाबद्ध तैयारी से बदलेगी शहर की सूरत

योजनाबद्ध तैयारी से न केवल नगरीय विकास में तेजी आएगी, बल्कि शहर की भविष्य की सूरत भी सकारात्मक और स्थायी रूप से बदल पाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह रोडमैप शहरों में विकास की दिशा निर्धारित करने के साथ-साथ नागरिकों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को प्राथमिकता देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। जल, सड़क और स्वच्छता में सुधार आयेगा। नगरपालिका अधिकारियों के मुताबिक यह केवल कागजी योजना नहीं रहेगी, बल्कि इसके माध्यम से विकास को प्राथमिकता में कार्यान्वित करेंगे। जिससे आगामी दिनों शहर के विकास को रफ्तार मिलेगी और शहर की सूरत स्थायी रूप से बदल जायेगी।

नगरीय विकास के लिए एक ठोस और दीर्घकालिक आधार तैयार करेगी। आगामी वर्षों में शहर की सूरत बदलने में यह रोडमैप एक निर्णायक उपकरण साबित होगा और संसाधनों का बेहतर आवंटन सुनिश्चित होने के साथ-साथ योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति भी आएगी।

### रोडमैप में सुविधाओं की आवश्यकता को करें चिन्हित

*संचालनालय ने सभी निकायों को निर्देश दिया है कि वे अपने रोडमैप में वर्तमान अवस्थिति का विवरण दें, जिन क्षेत्रों में सुविधाओं की अधिक आवश्यकता है उन्हें चिन्हित करें, और आगामी तीन वर्षों में वित्तीय वर्षवार कार्यों का विवरण तैयार करें। इसके अलावा, संभावित लागत और वित्तीय स्रोतों जैसे कि निकाय निधि, राज्य सरकार, सीएसआर और पीपीपी मॉडल को भी स्पष्ट किया जाना आवश्यक है। इससे नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार, सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि और शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा।*

### काम चल रहा है

*नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के आयुक्त ने निकायों को अगले तीन वर्ष की मूलभूत सुविधाओं का रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए हैं। रोडमैप बनाने का काम चल रहा है। जल्द ही रोडमैप तैयार कर शासन को प्रस्तुत कर दिया जाएगा।*

*- **नीरज धुर्वे**, एई नगरपालिका बैतूल*

## जाम सांवली से लौट रहे थे श्रद्धालु

# बोलेरो-बैलगाड़ी की टक्कर एक की मौत, 12 घायल



**बैतूल।** मुलताई के फोरलेन मार्ग पर एक बोलेरो वाहन और बैलगाड़ी की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में बोलेरो सवार और बैलगाड़ी पर सवार दंपत्ति शामिल हैं। घटना शनिवार दोपहर तकरीबन 11.30 बजे की है। मल्हारा पंखा के पास यह हादसा हुआ। बोलेरो में सवार सभी लोग जाम सांवली से हनुमान जी के दर्शन कर अपने गांव कुटखेड़ी आमला विकासखंड लौट रहे थे। घायलों ने बताया कि, बोलेरो ड्राइवर ने एक ट्रक से साइड लेने के दौरान सामने से आ रही बैलगाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे वाहन सडक़ किनारे पलट गया। मृतक की पहचान राजकुमार यादव के रूप में हुई है। घायलों को एनएचएआई और 108 एम्बुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल मुलताई लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। एक्सीडेंट की जानकारी मिलते ही एसडीएम राजीव कहा सरकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों को जल्दी-जल्दी बैतूल जिला अस्पताल रेफर कराया है। वहीं उन्होंने अन्य सारी व्यवस्थाएं भी अस्पताल में उपलब्ध कराई गईं।

### हादसे में यह लोग हुए घायल

बोलेरो में घायल हुए लोगों में कैलाश यादव (52), रूकमणि, नकुल यादव (20), शीतल यादव (18), रीता यादव (30), उषा यादव (30), उदल यादव (60), कलिमा यादव (65), अमरावती यादव, रोहित यादव और लालवती (55) शामिल हैं। बैलगाड़ी पर सवार मल्हारा पंखा निवासी सविता सूर्यवंशी और अनिल सूर्यवंशी (32) भी घायल हुए हैं।








दीप पर्व की हार्दिक बधाई.. संजय द्विवेदी, जिला ब्यूरो प्रमुख (प्रचार पब्लिसिटी बैतूल-9425382122)













































## खबर संक्षेप

### प्रेस क्लब पूर्व अध्यक्ष शिंदे का निधन



**देवास।** वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस क्लब देवास के पूर्व अध्यक्ष अनिल शिंदे का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पत्रकार सुशील शिंदे के बड़े भाई थे। शनिवार को उनकी अंतिम यात्रा सुपर मार्केट स्थित निज निवास से निकली, जो स्थानीय मुक्तिधाम पहुंची, जहां पुत्र अक्षय शिंदे ने मुखाग्नि दी। स्व. अनिल शिंदे के निधन पर समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया, पूर्व सभापति अंसार अहमद, पत्रकार अनिलराजसिंह सिकरवार, असलम खान, अतुल बागलीकर, हेमंत शर्मा, जगदीश सेन, सूरजसिंह गौड़, संतोष मोदी, जाकिर उल्लाह, डॉ. बबलू शेख, विरेन्द्र दरबार, संतोष गोस्वामी, अभय नागर, मुर्तजा सैफी, मनोहर ब्राह्मणी धीरज सेन आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नवागत अनाज मंडी सचिव का किया स्वागत

**देवास।** अनाज मंडी व्यापारी एसोसिएशन द्वारा नवागत मंडी सचिव अरविंद परिहार का पुष्पमाला से स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय परवाल, सचिव अर्पित अग्रवाल कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ व्यापारी पवन अग्रवाल, महेश जायसवाल आदि ने पुष्पमाला से नवागत अनाज मंडी सचिव का स्वागत किया तथा भावांतर योजना पर विस्तार से चर्चा की। सचिव अर्पित अग्रवाल ने बताया कि भावातंर योजना को देखते हुए मंडी मुहूर्त 24 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10.15 मिनट पर रखा गया है।

### कुबेर देवता की महा आरती की

**देवास।** मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा मां चामुंडा टेकरी स्थित धन कुबेर देवता की 108 दीपकों से महाआरती की गई । समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया ने बताया कि समिति के महासचिव इंदर सिंह गौड़ के मुख्यातिथ्य में कुबेर देवता को 101 किलो का हार पहनाकर विधि विधान पूर्वक दूध दही पंचामृत से अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई।

धनतरेस पर भगवान धन्वंतरि की जयंती पर वैद्यों ने किया पूजन, आरती कर अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की

# समाजिक संस्थाओं ने जरूरतमंदों के साथ मनाई दिवाली सेवा कार्य की सहायता से पहुंचाई मदद, बच्चों संग बांटी खुशी






## महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर दीपोत्सव की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार को धनतरेस पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की जयंती पर वैद्यों ने भगवान धनवंतरी का पूजन, आरती कर सभी के अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। वही समाजिक संस्थाओं ने जरूरतमंदो के साथ दिवाली मनाई, संस्थाओं ने सेवा कार्य की सहायता से पहुंचाई बच्चों की मदद की जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। वही कुछ सामाजिक संस्थाओं ने महापुरुषों की प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर दीपोत्सव की शुरुआत की।







### आयुर्वेद महासम्मेलन ने मनाई जयंती

अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन, जिला शाखा देवास के तत्वाधान में धनतरेस पर आयुर्वेद के जनक भगवान श्री धन्वंतरि जयंती का पावन आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष वैद्य बंशीलाल वर्मा के दोप्रदी नगर स्थित निवास पर किया गया। सचिव जे.सी. परिहार ने बताया कि पूजन कार्यक्रम शनिवार को दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैद्य डॉ. डी.एल. तकझरे रहे, जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कराई। उन्होंने उपस्थित समस्त वैद्यों से सामूहिक रूप से आरती सम्पन्न करवाई। कार्यक्रम के दौरान वैद्य योगेन्द्र नारायण तकझरे ने भगवान धन्वंतरि के जीवन, आयुर्वेद के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है। भगवान धन्वंतरि का आशीर्वाद हम सभी को निरोग और प्रसन्न बनाए रखे। इस अवसर पर डॉ. सुभाष भार्गव, मोहनलाल मनवानी, डॉ. सतीष जय सिंद्यानी, जगदीशचंद्र परिहार, कमलेश दुबे, वैद्य श्रीमती सुधा वर्मा, वैद्य विद्यावती खत्री, वैद्य अपूर्वा पुराणिक सहित अनेक वरिष्ठ वैद्यजन, समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजन ने भगवान धन्वंतरि की आरती कर सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी ने एक-दूसरे को धन्वंतरि जयंती की शुभकामनाएं दीं।

### जरूरतमंद बच्चों संग बांटी खुशियां

दीपावली के शुभ अवसर पर सर्व श्री हरि वेलफेयर सोसाइटी एवं लायंस क्लब देवास गोल्ड के संयुक्त तत्वावधान में "खुशियों की पोटली" कार्यक्रम का आयोजन श्री हरि गार्डन, गोमती नगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों के जीवन में खुशियां और रोशनी फैलाना था। इस अवसर पर बच्चों को उपहार स्वरूप "खुशियों की पोटली" वितरित की गई, जिसमें मिठाइयां, दीपक, बाती तेल टि शर्ट , पटाखे, खिलौने एवं अन्य उपयोगी सामग्री शामिल थी। अतिथियों ने बच्चों संग समय बिताया और उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सभापति रवि जैन, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, सत्ता पक्ष नेता मनीष सेन, एमआईसी मेंबर गणेश पटेल, विधानसभा संयोजक ओम जोशी, सीनियर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नवगोत्री एवं पूर्व महापौर रेखा वर्मा, डॉ. समीरा नईम शामिल रहे। लायंस क्लब गोल्ड एवं सर्व श्री हरि वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष हिना राठौर एवं पूरी टीम सोनल शर्मा, आशा पटेल, नेहा छाबड़िया, तरुणा जाट, ज्योति सिंह, सपना सिंह शुभांगी राठौर, मुस्कान राठौर, हर्षा तिवारी, जया सोनी, स्वाति नामदेव, कृपाली राणा सहित पूरी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन मोनिका शर्मा ने किया तथा आभार सफीया कुरैशी ने व्यक्त किया।

### इनरव्हील क्लब ने किया सेवा कार्य

इनरव्हील क्लब देवास 304 की ओर से दीपावली पर्व के अवसर पर दो शानदार एवं सेवा से परिपूर्ण प्रोजेक्ट संपन्न किए गया। क्लब अध्यक्ष मोनिका जैन ने बताया कि प्रोजेक्ट दीपावली सबके लिए अंतर्गत क्लब की बहनों ने झुग्गी-बस्ती में रह रहे जरूरतमंद परिवारों के बीच दीपावली की खुशियाँ बाँटते हुए कपड़े, धानी के पैकेट, पटाखे के पैकेट और बच्चों के कपड़े बड़ों के कपड़े,गरम कपड़े बच्चों के खिलौने वितरित किए। इस पहल से कई परिवारों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी और त्योहार की सच्ची भावना खुशी बाँटने में ही खुशी है साकार हुई। प्रोजेक्ट सेवा भाव वृद्धाश्रम में के अंतर्गत क्लब की टीम ने वृद्धाश्रम बसेरा में पहुँचकर वहाँ के 45 वृद्धजनों को इनरव्हील क्लब द्वारा तैयार किए गए कपड़े के बैग और क्लब सदस्य प्रीति यादव के सहयोग से मेडिकल किट वितरित की। वृद्धाश्रम में मनोरंजक प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिनमें भाग लेने वाले वृद्धजनों को क्लब मेंबर निशा राठौर द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इसी के साथ नेकी की दीवार किन्नर परिवार के साथ के अंतर्गत समाज के एक विशेष वर्ग किन्नर परिवार के घर पहुँचकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएँ दीं तथा उनके लिए 10 हजार रूपये मूल्य का किराने का सामान प्रदान किया। साइकिल से शिक्षा की राह प्रोजेक्ट अंतर्गत क्लब की वरिष्ठ सदस्य सरोज तिवारी की ओर से मल्हार स्मृति मंदिर में एक जरूरतमंद छात्रा संजना पांडे को नई नई साइकिल प्रदान की गई, ताकि वह अपनी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रख सके। सभी प्रोजेक्ट में क्लब अध्यक्ष मोनिका जैन, सुनीता पाटिल, चंद्रकांता शर्मा, सरोज तिवारी, प्रीति यादव, रश्मि पांडेकर, हंसा जोशी, नीला तिवारी, कीर्ति तेलंगाना, भावना ठाकुर, रेखा पांचाल, मीना वर्मा, मेघा शर्मा, अंजना त्यागी, अपर्णा देशपांडे, रेखा उपाध्याय उपस्थित रहीं।

### महापुरुषों की प्रतिमाओं पर जलाए दीप

अखंड भारत हेतु संकल्पित उस्ताद फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली के महापर्व के उपलक्ष्य में धनतेरस की पूर्व संध्या पर छत्रपति शिवाजी महाराज व महाराणा प्रताप की गौरवशाली प्रतिमाओं पर अध्यक्ष धनंजय गायकवाड के नेतृत्व में माल्यार्पण एवं मिट्टी के दीपकों में प्रज्वलित एवं रंगारंग आतिशबाजी कर दीपोत्सव मनाया और महापर्व की शुभकामना दी। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य अपने अपने घरों के साथ आसपास के महापुरुषों, इष्टदेव, प्राचीन स्मारकों, नदी, तालाब की सफाई कर युवाओं का इस ओर ध्यान आकर्षित कर दीप जलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उस्ताद फाउंडेशन विस्तार प्रमुख दामोदर राव जाधव, लोकेश विजयवर्गीय, लक्ष्मी नारायण मारू, माखन सिंह धाकड़, श्रीराम कुमावत, प्रतीक शास्त्री, रमेश कौशल, शैलेंद्र सिंह दरबार, राजेश पांचाल, भूपेंद्र चड़ोकर, आदित्य श्रीवास्तव, शुभम केवट, जयंत गोईल, कीर्तन विजयवर्गी, मौर्य गायकवाड, कृष्णा सोनी आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मोंटी जाधव ने दी।

## साइबर धोखाधड़ी: 20 रुपए का पेमेंट करने पर खाते से कटे 43 हजार, शोरूम स्टाफ पर गड़बड़ी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर के एबी रोड स्थित शोरूम में लैपटॉप ठीक कराने गए एक युवक के साथ साइबर धोखाधड़ी हो गई। लैपटॉप के फीचर ठीक करने के नाम पर 20 रुपए का भुगतान करते समय युवक के खाते से किश्तों में 43,000 रुपए कट गए। पीड़ित ने इस मामले में शोरूम मैनेजर के साथ-साथ पुलिस और साइबर सेल में भी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने शोरूम कर्मचारियों की मिलीभगत का भी संदेह जताया है।जय माली नाम के युवक ने पुलिस को बताया कि उसने 16 अक्टूबर को शोरूम से एक लैपटॉप खरीदा था। घर ले जाने के बाद लैपटॉप के कुछ मुख्य फीचर, खासकर माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की सेटिंग्स, ठीक से काम नहीं कर रही थीं। जब वह यह समस्या लेकर वापस शोरूम पहुंचा, तो कर्मचारियों ने उसे ठीक करने के लिए 20 रुपए का भुगतान करने को कहा।आरोप है कि जैसे ही जय माली ने 20 रुपए का भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू की, उसके खाते से अलग-अलग किश्तों में कुल 43,000 रुपए कट गए। पीड़ित का कहना है कि उसे लैपटॉप के साथ एक साल की प्रीमियम सेवा मुफ्त मिलने की बात कही गई थी, फिर भी उससे 20 रुपए मांगे गए और फिर यह धोखाधड़ी हुई।पीड़ित जय माली ने बताया कि उसने तुरंत शोरूम मैनेजर से इसकी शिकायत की। मैनेजर ने सोमवार तक पैसे वापस दिलाने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा, जय ने संबंधित थाने और साइबर सेल में भी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसने यह लैपटॉप बजाज फाइनेंस से 37,000 रुपए में फाइनेंस कराया था, और अब उसके खाते से अतिरिक्त 43,000 रुपए कट गए हैं। वह इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है।

## नगर परिषद अध्यक्ष की मांग पर मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ की राशि देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



नगर परिषद बागली में लगातार विकास कार्य किया जा रहे हैं। मंगलवार के दिन मुख्यमंत्री मोहन यादव शासकीय सीएम राइज स्कूल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए बागली पहुंचे थे। जहां पर मंच पर नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव द्वारा नगर के विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव से राशि की मांग की गई थी जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा 10 करोड रुपए की राशि नगर परिषद बागली को विकास कार्य के लिए देने की घोषणा की गई है। सीमा कमल यादव ने बताया कि नगर में लगातार विकास कार्य किया जा रहे हैं। उनके कार्यकाल में बेहतर से बेहतर विकास कार्य नगर में हो और जनता को उसका लाभ मिले,उसी उद्देश्य को लेकर कार्य किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री से नगर विकास के लिए राशि मांगी गई थी, जिस पर उनके द्वारा 10 करोड रुपए देने की घोषणा की है जिससे नगर में अनेक प्रकार के नवीन विकास कार्य होंगे और सीधा लाभ नगर की जनता को मिलेगा। इस दौरान नगर परिषद की ओर से अध्यक्ष सीमा कमल यादव एवं नगर परिषद महासभा प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव, सीएमओ प्रमोद कुमार बरूआ द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में कन्या महाविद्यालय में हुई प्रतियोगिता

# संभाग स्तरीय महिला योग प्रतियोगिता में शाजापुर रहा विजेता






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में महारानी पुष्पमाला राजे पंवार शासकीय कन्या स्नातक महाविद्यालय, देवास द्वारा संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता (महिला वर्ग) का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संभाग के विभिन्न जिलों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग विद्या में अपनी दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शर्मिला कांटे एवं क्रीड़ा अधिकारी अंकित सक्सेना द्वारा अतिथियों के परिचय से हुआ। इसके पश्चात उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि विशाल शिंदे, कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी, तथा विशेष अतिथि लेखक एवं समाजसेवी अमित राव पवार सहित वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अमूल्य उपहार है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य अपितु मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का भी माध्यम है। ऐसी प्रतियोगिताएं छात्राओं में अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास का विकास करती हैं।जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए योग जीवन का अभिन्न अंग बनना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ तन और मन ही प्रगति की दिशा में पहला कदम हैं। विशिष्ट अतिथि विशाल शिंदे ने अपने संबोधन में कहा कि आज की युवा पीढ़ी को योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसे आयोजन प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को नई दिशा देते हैं। प्रतियोगिता में संभाग के सभी जिलों की छात्राओं ने सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल चंद्रशेखर तिवारी एवं मोनू तिवारी द्वारा मूल्यांकन के उपरांत शाजापुर जिला विजेता तथा उज्जैन जिला उपविजेता घोषित किए गए। प्राचार्य जी. डी. सोनी एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ लोकेश जारवाल द्वारा विजेता उपविजेता दल को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन हिंदी विभाग के प्राध्यापक प्रमोद परिहार ने व्यक्त किया। उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, आयोजन समिति एवं सहयोगी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय एवं अंतर विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

## मोती बंगला क्षेत्र में प्रोफेसर के घर देर रात चोरों ने किए हाथ साफ



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सिविल लाइन थाना अंतर्गत शहर के मोती बंगला क्षेत्र की यशवंत कॉलोनी में शुक्रवार देर रात एक प्रोफेसर के घर चोरी की वारदात हो गई। इंदौर मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर वसीम खान के घर में घुसा चोर पर्स में रखे 30 हजार रुपए चुराकर ले गया। चोर लैपटॉप और एटीएम कार्ड घर पर ही छोड़ गया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। प्रोफेसर वसीम खान ने बताया कि घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे हुई। जब वे सुबह उठे तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला, तब उन्हें चोरी का पता चला। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि एक बदमाश घर में घुसा था। चोर ने अलमारी से भी चोरी करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाया। प्रोफेसर ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रही है। प्रोफेसर वसीम खान यहां अपने पिता, पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते हैं।

### झमाझम बरसात के कारण नालियां उफनी, सड़कों पर भराया पानी

# धनतेरस होने के कारण बाजार में दोपहर बाद उमड़ी जबरदस्त भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा


शनिवार सुबह से हो रही बारिश ने धनतेरस की खरीदारी पर असर डाला है। हालांकि इस बार धनतेरस शनि प्रदोष और ब्रह्म योग के विशेष संयोग में आई। जिसे खरीदारी के लिए अत्यंत शुभ माना जा रहा है। बाजार में बरसात के कारण दोपहर 12 बजे तक सन्नाटा रहा। छोटे छोटे दुकानदार काफी परेशान होते रहे। इस वर्ष दीपोत्सव पर्व छह दिनों का रहेगा, जबकि आमतौर पर यह पांच दिन का होता है। अमावस्या तिथि के एक दिन पूर्ण रहने के कारण यह पर्व छह दिन तक मनाया जाएगा। दीपावली पर्व की शुरुआत धनतेरस से होती है, जो इस बार 18 अक्टूबर, शनिवार को है। इस दिन लक्ष्मी, कुबेर, इंद्र और भगवान धन्वंतरि का पूजन किया जाता है। धनतेरस का दिन विशेष रूप से खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है। इस बार शनि प्रदोष और ब्रह्म योग के संयोग के कारण इसे और भी श्रेष्ठ माना जा रहा है। शहर के कपड़ा, बर्तन, दोपहिया और चौपहिया वाहनों के शोरूम सजकर तैयार हैं। बाजार में लक्ष्मी जी की मूर्तियां और दीपक बेचने वालों की दुकानें भी लग गई हैं। दीपावली की तैयारियां कई दिनों पहले से शुरू हो जाती हैं, जिसमें साफ-सफाई और रंग-रोगन शामिल हैं। इस दिन सुबह वाहनों की खरीदी का मुहूर्त होता है, जबकि प्रतिष्ठानों में सुबह और घरों में शाम को पूजन किया जाता है। शनिवार सुबह से लगातार हो रही बारिश के कारण दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### बरसात ने बिगाड़ा सबका गणित

क्षेत्र से मानसून विदा हो चुका है, लेकिन पिछले दो- तीन दिनों से आसमान में बादलों की लुका छिपी का दौर चल रहा था। शुक्रवार शाम के बाद शनिवार सुबह से होते ही शहर सहित आस-पास के क्षेत्र में बारिश का दौर शुरू हो हुआ। शनिवार को सुबह 8 बजे के करीब बारिश शुरू हुई। करीब 4 घंटे तक झमाझम बादल बरसते रहे। हंडिया क्षेत्र में भी बारिश की खबर है। कुछ समय के लिए हुई बारिश ने किसानों की चंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में सोयाबीन और मक्का की फसल की कटाई जारी है, ऐसे में बारिश ने किसानों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। शाम को हुई रिमझिम बारिश ने दीपावली त्योहार पर होने वाले व्यापार में भी खलल डाल दिया। कई छोटे व्यापारी जो सड़क किनारे पूजन सामग्री सहित मिट्टी के दीये और अन्य सामग्री लिए बैठे थे, बारिश के कारण उन्होंने अपना सामान समेट लिया। वहीं अन्य व्यापारियों और ग्राहकों को भी पेरशानी का सामना करना पड़ा।

#### मंडी में बह गई मक्का

हरदा कृषि उपज मंडी में व्यापारियों कि मक्का फैली हुई थी। अचानक से आई तेज बारिश में मंडी परिसर में पानी भरा गया और तेज बहने लगा। इस दौरान खुले में पड़ी मक्का भी तेज पानी के बहाव में बहाने लगी। व्यापारियों और उनके सहोयोगियों ने फावड़े से समेटकर एक किया। उधर खेतों में खड़ी फसल को लेकर किसान भी चिंतित हैं। कटाई के समय हुई बरसात से किसानों को बड़ा नुक्सान होने की आशंका है।



### मगरधा गांव में माचक नदी पर बन रहा पुल

# निर्माणाधीन पुल पर हादसा तीन मजदूरों के पैर फ्रैक्चर

**विधायक दोगने ने उठाए गुणवत्ता पर सवाल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के मगरधा गांव में माचक नदी पर बन रहे पुल के निर्माण के दौरान शनिवार सुबह तीन मजदूर करीब 15 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में मजदूरों को पीठ और पैरों में चोटें आई हैं। दो मजदूरों के पैरों में फ्रैक्चर हो गया है, जबकि एक अन्य की पीठ में चोट लगी है। उधर कांग्रेस विधायक आरके दोगने ने पुल के निर्माण में गुणवत्ता पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, मुख्य अभियंता सेतु निर्माण एवं हरदा कलेक्टर को पत्र भेजा और मामले की जाँच की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदार द्वारा कि गए भारी भ्रष्टाचार के कारण निर्माणाधीन पुल टूट जाने की जाँच कराये जाने की मांग की।

घायलों की पहचान कटनी निवासी बबलू (32), मंडला निवासी प्रहलाद (20) और कटनी निवासी सयोग (31) के रूप में हुई है। मगरधा से रतनपुर को जोड़ने वाले इस पुल का निर्माण करोड़ों की लागत से हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में नाबालिग मजदूरों से भी काम कराया जा रहा था, हालांकि ठेकेदार के कर्मचारियों ने इस बात से इनकार किया है। स्थानीय विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने पुल निर्माण कर रहे ठेकेदार पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण कार्य के दौरान ही धराशायी हो गया। विधायक ने सेतु विभाग के एसडीओ गिरीश हिंगवे को काली रेत और घटिया सामग्री के उपयोग की जानकारी कई बार दूरभाष पर दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके परिणामस्वरूप पुल टूट गया। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार राजेंद्र पंवार ने भी अस्पताल पहुंचकर घायल मजदूरों का हाल जाना और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।



## जागृति विद्या मंदिर में दीप सजाओ, रंगोली उकेरो प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**भैरूंदा।** शुक्रवार को जे.व्ही.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में छात्र- छात्राओं का रंगोली एवं दीपक सजाओ एवं कक्षा सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कक्षा सजाओ प्रतियोगिता में कक्षा 6th प्रथम स्थान पर रहा ,द्वितीय स्थान पर 8th क्लास रहा ,और तीसरे स्थान पर कक्षा 12th ने प्राप्त किया।

दिया सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर योगिता कुशवाहा रेड हाउस ,द्वितीय स्थान पर हर्षिता मालवीय 5th क्लास येलो हाउस ,तीसरे स्थान पर कुमकुम यदुवंशी ग्रीन हाउस ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ब्लू हाउस ,दूसरे स्थान पर ग्रीन हाउस, तीसरे स्थान पर रेड हाउस रहा इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर .एस. शर्मा सर ने कहा कि रंगोली बनाने की प्रक्रिया आपके तनाव को कम कर देती है। क्योंकि रंगोली बनाते समय आपकी अंगुली और अंगूठा मिलकर ज्ञानमुद्रा बनाते हैं, जो आपके मस्तिष्क को ऊर्जावान और सक्रिय बनाने के साथ-साथ बौद्धिक विकास में भी महत्वपूर्ण है। विद्यालय के संचालक मनोहर पवार ने सभी को दीपावली की शुभकामना देते हुए कहा दिपावली का महत्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। यह भगवान राम की रावण पर जीत के बाद अयोध्या वापसी का जश्न है। लोग समृद्धि के लिए देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करते हैं, घरों को दीयों से सजाते हैं और परिवार और दोस्तों के साथ खुशी बांटते है।

### खो-खो और वॉलीबॉल खेल का आयोजन संपन्न

# प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल पुरस्कार में दिए





हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी के प्रांगण में सहोदय कांप्लेक्स हरदा के खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ जिसमें सूर्योदय संस्थान द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में हरदा जिले के अन्य विद्यालय के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुए डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर रामनिवास जाट सर के साथ सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी के प्रबंधक पंकज सांड, भागवत सिंह तोमर, सहोदया स्कूल कांप्लेक्स की अध्यक्ष व सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी की प्राचार्य सोनाली पारे और नर्मदा प्रसाद जानी के साथ अन्य स्कूलों के डायरेक्टर प्रिंसिपल एवं प्रशिक्षक शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रामनिवास जाट के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए की गई। तत्पश्चात परेड कमांडर के साथ मशाल जलाते सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना के प्रति निष्पक्ष परिणाम की कामना करते हुए शपथ लिया। सूर्योदय संस्थान की छात्राओं ने सरस्वती वंदना कर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति पेश की। जाट ने कहा की जीत हार तो खेल का हिस्सा है हमें बस खेल भावना के साथ खेल का मनोरंजन करना चाहिए।

#### इन स्कूलों ने मारी बाजी

खेल प्रतियोगिता में खो-खो और वॉलीबॉल खेल का आयोजन संपन्न हुआ । जिसमें खो-खो खेल में फाउंडेशन स्कूल हरदा ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जीत हासिल की, तथा सनफ्लावर स्कूल हरदा द्वितीय स्थान और संस्कार स्कूल हरदा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं पर वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता में सेंट मैरी स्कूल हरदा ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जीत हासिल की। और नॉलेज पब्लिक स्कूल टिमरनी दूसरे तथा संस्कार स्कूल हरदा तीसरे स्थान पर रहे। सहोदय स्कूल कांप्लेक्स हरदा अध्यक्ष सोनाली पारे ने सभी प्रतिभागियों के जीत की घोषणा करते हुए, सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पुरस्कार के रूप में दिया। साथ ही खेल में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी। विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी खेल प्रतिभागी और अन्य छात्र-छात्राओं के अंदर खुशी का माहौल रहा।इस प्रकार से सहोदय स्कूल कांप्लेक्स हरदा का खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम सूर्योदय ग्लोबल अकैडमी संस्थान में पूर्ण रूप से सहजता से संपन्न हुआ।

### दीनदयाल रसोई योजना का नवंबर का खाद्यान्न जारी

**सीहोर।** संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत माह माह नवम्बर 2025 के लिए हितग्राहियों को पका हुआ भोजन प्रदाय करने के लिए गेहूं चावल का आवंटन प्राप्त हुआ है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अनुविभाग सीहोर को गेंहू 12.00 एवं चावल 3.00 क्विंटल, इसी प्रकार आष्टा को गेंहू 12.00 एवं चावल 3.00 क्विंटल प्रदाय किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी कि रसोई योजना अंतर्गत गेहूं एवं चावल का प्रदाय रुपये 1 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका सीहोर को प्रदाय किया जावे।

### बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एप के माध्यम से उठा सकते है।

## बीपीएमयू ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक में गणवेश वितरण व छतों की मरम्मत को लेकर हुई समीक्षा

**भैरूंदा।** बीआरसी कार्यालय में बीपीएमयू ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई रखी गई बैठक में बीआरसी विजय पवार की अध्यक्षता में सभी सीएसी, बीएसी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बीआरसी विजय पवार द्वारा विभिन्न विषयों पर उपस्थित सीएसी, बीएसी से चर्चा की। इस दौरान बालागव जन शिक्षक द्वारा तरुणराज सिंह चौहान की उपस्थिति में बीआरसी की अध्यक्षता में इन सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान अपार आईडी करना, बीते माह बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा, साइकल, गणवेश वितरण की समीक्षा, शाला भवनों छात्रावासों एवं अन्य भावनों की छतों की मरमत की समीक्षा की। वहीं स्कूलों में छात्र छात्राओं की ड्रॉप की जानकारी ली।



### बालिकाओं को किया गया जागरुक

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक करने और उनके सशक्तिकरण के उद्देश्य से 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक 05 दिवसीय जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

**12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को मिले पुरस्कार**

# बच्चों को विधायक सुदेश राय ने दी ई-स्कूटी और साइकिल, खिल उठे सबके चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक पीएमश्री विद्यालय श्यामपुर में गुरूवार को विधायक सुदेश राय के मुख्य अतिथिय में उत्साह वर्धन योजना अंतर्गत मेघावी बच्चों को निः शुल्क ई-स्कूटी एवं साइकिल का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के होनहार बच्चों को ई-स्कूटी एवं साइकिल प्रदान कर फूल मालाऐं पहनाकर विधायक सुदेश राय ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुदेश राय ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों द्वारा मां सरस्वती कि वंदना एवं अतिथि गणों का स्वागत गीत से अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 वी में सर्वाधिकअंक प्राप्त करने वाले स्लोक पाटीदार एवं बालिका कुमारी शानू को विधायक राय द्वारा पुष्प माला पहनाकर स्वागत कर मिठाई खिलाकर निः शुल्क स्कूटी भेंट की गई। इसी प्रकार कक्षा छठवीं के 13 कक्षा नवमी के 94 बालक बालिका को साईकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने मध्यप्रदेश शासन कि लाभकारी जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, बीआरसीसी अशोक वर्मा ,संकुल प्राचार्य फ्रास्सिंका बारा, छात्र छात्राऐं और श्यामपुर के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## छात्रावास में छात्राओं से अभद्रता करने वाले कर्मचारी को हटाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बहुजन समाज पार्टी जिला सीहोर के पदाधिकारियों ने अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी बसपा के नेतृत्व में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन सोपा जिसमें बाबु जगजीवन राम छात्रावास में रह रही बच्चियों (छात्राओं)के साथ प्रेम नामक कर्मचारी द्वारा अश्लील शब्द व्यवहार की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें बाबू जगजीवन राम छात्रावास सीहोर में रह रही बच्चियों की ओर से एक आवेदन जिलाधीस के नाम डीओ आदिमजाति को दिया था लेकिन विभाग समझाइश में लगा ।

उक्त कर्मचारी का कृत्य क्षमा योग्य नहीं है उसके बोलें शब्द जो छात्राओं के लिए बहुत ही अपमानजनक और असहनीय है। छात्रावास अधीक्षिका भी महिला है छात्राओं ने अधिक्षिका से भी शिकायत की पर वह भी छात्राओं की बात को गंभीरता से नहीं लेती है छात्राओं ने बताया की अधिक्षिका 8,9 बजे ही लाइट बंद करवा देती बच्ची अपनी पढ़ाई केसे करें,उक्त कर्मचारी को अधिक्षिका का संरक्षण प्राप्त है। बसपा पदाधिकारियों ने मांग की है की इस मामले की जांच करें और उस कर्मचारी एवं अधीक्षक को तुरंत हटाने की कार्रवाई करें। छात्राओं को एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में रहने का अधिकार है, और हमें उम्मीद है कि आप श्रेय इस मामले में उचित कार्रवाई करें। ज्ञापन में प्रमुख रूप से नर्मदा प्रसाद सागर जिला प्रभारी बसपा नरसिंह भारतीय जिला महासचिव बसपा,बीरु जाटव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।